Govt.of MadhyaPradesh

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

**Phone No.** +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

**E-mail:** fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

मध्य प्रदेश शासन

पन्ना टाईगर रिजर्व

# प्रेस नोट

## हाथी जन्मोत्सव कार्यक्रम 02 अक्टूबर 2018

जैसा कि विदित है कि पन्ना टाइगर रिजर्व में 14 हाथियों का एक परिवार है जिसमें सबसे बुजुर्ग सदस्य के रूप में वत्सला हथिनी विद्यमान है जिसकी अनुमानित उम्र लगभग 100 वर्ष है। सम्भवतः यह दुनिया की सबसे बुजुर्ग हथिनी है। उसके जन्म से संबंधित प्रमाणिक दस्तावेजों की खोजबीन कराई जा रही है। इस वर्ष पन्ना जिले के स्वीप आइकान हेतु वत्सला का नाम जिला निर्वाचन अधिकारी पन्ना द्वारा प्रस्तावित किया जा चुका है। हाथियों के इस परिवार में सबसे छोटा सदस्य बापू (हाथी) है जिसका जन्म 02 अक्टूबर 2017 को हुआ था। टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने 02 अक्टूबर 2018, बापू हाथी के प्रथम जन्म दिवस को हाथी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है जो आगामी वर्षों में भी अनवरत जारी रहेगा।

हम प्रतिवर्ष 16 अप्रैल को पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ जन्मोत्सव मनाते हैं इसी तरह दिनॉक 02 अक्टूबर को वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का प्रारंभ पन्ना टाइगर रिजर्व में हाथी जन्मोत्सव मना कर किया जावेगा। पन्ना के आमजन/विद्यार्थियों/गणमान्य नागरिकों/मीडिया एवं पर्यावरण प्रेमियों को वन्यप्राणियों एवं प्रकृति से जुड़ाव क अवसर के रूप में जनसमर्थन से वन्यप्राणी संरक्षण की मूलभावना को आगे बढ़ाते हुए जन जागृति का प्रयास किया जावेगा। अतः आम और खास से आग्रह है कि कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

यह कार्यक्रम जंगल कॉटेज परिसर हिनौता में प्रातः 11.00 बजे से किया जावेगा।

उप संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना